Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005
Participants : Barad Shri Jasubhai Dhanbhai

>

Title : Need to start work on rope-way at Girnath Parvat in Junagarh district of Gujarat.

श्री जसुभाई दानाभाई बारड़ (जूनागढ़) : अध्यक्ष महोदय, गुजरात राज्य के जूनागढ़ जिले में दो प्रसिद्ध पर्वत हैं। इनमें से एक गिरनाथ पर्वत और दूसरा दातार पर्वत है1 कहा जाता है कि गिरनाथ पर्वत हिमालय पर्वत से भी जयादा प्राचीन और प्रसिद्ध पर्वत है। गिरनाथ पर्वत पर जैन और हिन्दुओं का धार्मिक स्थल है। इसी तरह दातार पर्वत पर मुस्लिम और हिन्दुओं का धार्मिक स्थल है। इस क्षेत्र को भक्त नरसिंह मेहता का जन्म स्थल भी कहा जाता है। इसलिए इस स्थान का महत्व धार्मिक और पर्यटन के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

इस पर्वत पर रोप-वे (उड़ान खटोला) बनाने की अनुमति काफी समय पहले से मिल चुकी है, जिसके लिए एजेन्सी को भी नियुक्त किया जा चुका है लेकिन अभी तक कार्य आरंभ नहीं किया गया है।

मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि धार्मिक स्थल की महत्वता को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को जल्दी से जल्दी पूरा करवाया जाये।

* Treated as laid on the Table.